हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

06 सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के प्रति श्रद्धा जागृत करना ही सच्चा नेत्रदान...



09 मंडी में मक्का की रिकार्ड तोड़ आवक 35 हजार बोरी माल मंडी में पहुंचा



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

25 अक्टूबर को गीता स्वाध्याय, 11वें अध्याय के श्लोकों का होगा पाठ

गुना । विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल, गुना द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जाने वाला साप्ताहिक गीता स्वाध्याय इस रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे वंदना कॉन्वेंट के पीछे, बुंदेल सिंह यादव के निज निवास पर, हीरो मोटरसाइकिल शोरूम के पीछे संपन्न होगा। स्वाध्याय के दौरान श्रीमद्भगवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के श्लोक क्रमांक 45 से 55 तक का पाठ एवं अध्ययन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य गीता के ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना तथा लोगों को उसके आध्यात्मिक संदेश से जोड़ना है। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् स्वाध्याय मंडल के आयोजकों ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीता स्वाध्याय में सहभागिता करने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

सिंघवासा तालाब पर पूर्णिमा को होगी भव्य गंगा आरती

गुना। गंगा समग्र मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में रविवार, 25 अक्टूबर को पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिंघबासा तालाब पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन शाम 5 बजे श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।गंगा समग्र के जिला संयोजक पंडित मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली गंगा आरती का उद्देश्य मां गंगा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ ही समाज में धार्मिक चेतना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर श्रद्धालु सामूहिक रूप से मां गंगा की आरती कर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे।इस बार गंगा आरती में शारदा जागृति महिला समिति को यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शारदा जागृति महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां गंगा की आरती में सहभागी बनने की अपील की है।वहीं, गंगा समग्र के प्रांत संयोजक बृजभूषण शर्मा ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुजनों से आग्रह किया है कि वे इस पावन आयोजन में सहभागिता कर धार्मिक आस्था के साथ जल एवं जलस्रोतों के संरक्षण का संकल्प लें।

शारदा स्कूल के छात्र का राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चयन

गुना। शारदा विद्या निकेतन स्कूल के होनहार खिलाड़ी रक्षित राजपूत ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। जिला एवं संभाग स्तरीय ट्रायल्स और मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति ने रक्षित का चयन राज्य स्तर पर खेलने के लिए किया है। रक्षित राजपूत की इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। रक्षित लंबे समय से विद्यालय के खेल मैदान पर नियमित अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे थे। उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के रूप में सामने आया है। रक्षित की इस सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनके चयन से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा के दम पर सफलता हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय परिवार ने रक्षित राजपूत को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ' अभियान 5 नवंबर तक

गुना। भारतीय जनता पार्टी 23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 'लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ' अभियान चलाएगी। इसके तहत पदयात्रा, प्रबुद्धजन गोष्ठी, युवा संवाद और छात्र प्रतियोगिताएं आयोजित कर कांग्रेस व इंडी गठबंधन के चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता तक पार्टी का पक्ष पहुंचाने का आह्वान किया।

जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

इयूटी कर रहे सुरक्षा गार्ड को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं व संदिग्ध घटनाओं ने परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। सुहाया पावर हाउस के पास बीपीसीएल पाइपलाइन पर ऑन ड्यूटी अलार्म दे रहे सुरक्षा गार्ड को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बमोरी के मगरदा के पास खेत की ट्यूबवेल मोटर निकालने जा रहा एक किसान ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी जान चली गई। इसके अलावा, कैंट थाना क्षेत्र के विन्खयाई में खेत पर रखवाली करने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसे जहरीले जंतु के काटने की आशंका जताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गार्ड को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुहाया पावर हाउस के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बीपीसीएल पाइपलाइन पर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है, जिसके बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक सूरज जोगी 33) निवासी ग्राम धनौरिया थाना बमोरी बीपीसीएल पाइपलाइन में गार्ड की नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह ड्यूटी के दौरान पाइपलाइन की पटरी पर साइड में खड़े होकर अलार्म देने का काम कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और रौंदकर फरार हो गया।

सीसीटीवी से खुलेगा राज कंपनी से मदद की मांग

हादसे के बाद परिजनों ने मांग की है कि घटना स्थल के पास ही एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, यदि पुलिस उसकी फुटेज खंगाले तो टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का आसानी से पता चल जाएगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि सूरज जोगी ही अपने पूरे परिवार का इकलौता कमाने वाला सहारा था। उसके दो छोटे बच्चे हैं और परिवार के पास कोई कृषि भूमि भी नहीं है। वह रोज करीब 15 किलोमीटर अपडाउन कर अपनी ड्यूटी करता था। अत्यंत दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिजनों ने कंपनी से उचित आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

पलटा ट्रैक्टर, किसान की दर्दनाक मौत

बमोरी थाना क्षेत्र के मगरदा के पास ट्रैक्टर पलटने से 35 वर्षीय किसान अमर सिंह बंजारा निवासी सिमरोद की मौत हो गई। हादसा गुरुवार शाम करीब 6 बजे हुआ, जब वह अपने खेत की ट्यूबवेल मोटर निकालने ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा रहे थे। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर की स्टेयरिंग खराब होने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और अमर सिंह उसके नीचे दब गए।

मृतक के भाई रामलाल के अनुसार, अमर सिंह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे से परिवार में शोक का माहौल है।

खेत पर मिला युवक का शव

कैंट थाना क्षेत्र के विन्खयाई गांव में खेत की रखवाली करने गए 24 वर्षीय राजकुमार लोधा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव खेत पर मिला। परिजनों के अनुसार, राजकुमार गुरुवार शाम फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। सुबह उसका भाई सब्जी तोड़ने पहुंचा, तो वह मृत अवस्था में मिला।

परिजनों ने रात में किसी जहरीले जंतु के काटने की आशंका जताई है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर मर्ग कायम कर लिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुना-रूठियाई मार्ग पर भीषण हादसा

तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, निजी क्लीनिक संचालक डॉक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय के समीप एबीडी रोड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सडक़ हादसा सामने आया है। कॉलेज के पास एक बेकाबू डंपर ने बाइक सवार निजी डॉक्टर को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मोटरसाइकिल दो टुकड़ों में बंट गई और डॉक्टर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर की दुर्गा कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय डॉ. हरि मोहन कुलश्रेष्ठ सुबह करीब 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से रूटियाई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार भिड़ंत के कारण डॉ. कुलश्रेष्ठ उछलकर दूर जा गिरे और उनके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। हादसे की खबर मिलते ही कैंट थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक डॉ. कुलश्रेष्ठ ग्राम खेजरा में निजी क्लीनिक का संचालन करते थे। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटित हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

वन मंडल में वनरक्षक भर्ती के लिए दस्तावेजों का सत्यापन शुरू

युवा अभ्यर्थियों में दिखा खासा उत्साह



गुना। जिले के वन मंडल कार्यालय में वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में शामिल होने के लिए गुना जिलेभर से बड़ी संख्या में युवा अभ्यर्थी पहुंचे हैं। विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के तहत अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है।

सत्यापन प्रक्रिया को लेकर युवाओं में भारी उत्साह और उमंग का माहौल देखा जा रहा है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का नियमानुसार परीक्षण किया जा रहा है। विभाग का यह दल पूरी मुस्तैदी से सत्यापन कार्य को तय समयानुसार पूरा करने में जुटा हुआ है। चयनित होने की उम्मीद लिए दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से पहुंचे अभ्यार्थी इस प्रक्रिया को लेकर काफी आशान्वित नजर आए। इस दौरान कार्यालय परिसर में दिनभर युवाओं की चहल-पहल बनी रही।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 6.0 के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

करीब 100 डाककर्मियों और नागरिकों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



स्वच्छता ही सेवा अभियान 6.0 के अंतर्गत जिला गुना केमिस्ट एसोसिएशन एवं डॉ. मोरपेन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को प्रधान डाकघर गुना में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं डाकघर में आने वाले ग्राहकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर में डॉ. भागीरथ झा ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए उपस्थित डाककर्मियों एवं नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। इस पहल के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता और स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में लगभग 100 डाककर्मियों एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। जिला गुना केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न जैन ने शिविर के अवसर पर स्वच्छता के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाना जरूरी है। डाकघर के अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने जिला गुना केमिस्ट एसोसिएशन एवं डाक विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का स्वास्थ्य और कल्याण किसी भी संस्थान के सुचारु संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। कार्य की व्यस्तता के बीच कई बार लोग अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में कार्यस्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करना उपयोगी साबित होता है।

ये रहे उपस्थित

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डाकघर गुना के अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी, जिला गुना केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न जैन एवं सचिव राकेश शर्मा, डाक विभाग की शिकायत निरीक्षिका प्राची त्रिवेदी, डॉ. मोरपेन कंपनी के नीरज शिवहरे, धाकड़ एवं विवेक जैन सहित डाकघर का स्टाफ और अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस संयुक्त पहल को कर्मचारियों के स्वास्थ्य, जनकल्याण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज 25 एवं 26 को मनाएगा अजमीढ़ देवजी की जयंती महोत्सव

गुना। मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराजा श्री अजमीढ़ देवजी की जयंती महोत्सव इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 और 26 अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी सतीश सोनी ने बताया कि महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए महिला मंडल, नवयुवती मंडल, जिला एवं नगर युवा मंडल के सभी पदाधिकारी अपनी तैयारियों में पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।महोत्सव के पहले दिन 25 अक्टूबर को महिला मंडल द्वारा विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए 1 मिनट गेम शो, डांस, हेयर स्टाइल, रंगोली और अनाज से चित्र डेकोरेशन प्रतियोगिताएं प्रमुख रूप से शामिल होंगी। इन प्रतियोगिताओं के उपरांत एक भव्य बाल मेले का भी आयोजन किया जाएगा। जयंती महोत्सव के मुख्य दिन 26 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और महाराजा श्री अजमीढ़ देवजी की महाआरती के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया जाए।

21वां सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन

गुना। संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आगामी 25 अक्टूबर को गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित होने वाले 21वें सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक स्वयंवर समारोह की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी और महिला प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन और दायित्वों के निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडित लखन शास्त्री और प्रदेश उपाध्यक्ष नलिन अवस्थी ने की, जबकि मार्गदर्शन प्रदेश संयोजक राधेश्याम शर्मा व ललित दुबे का रहा। प्रदेश संयोजक ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में मप्र के अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से भी विवाह योग्य युवक-युवती अपने परिजनों के साथ पहुंच रहे हैं।

पुरस्कार वितरण और भंडारे के साथ 80 वर्षीय ऐतिहासिक रामलीला का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय भव्य रामलीला मंचन का समापन पुरस्कार वितरण और विशाल भंडारे के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। 80 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी मंचन का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इससे पूर्व 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन के उपरांत अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति दी गई। मुख्य अतिथियों द्वारा मंच पर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले पात्रों व कलाकारों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रसादी वितरण एवं महाभंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने धर्मलाभ उठाया।

रामलीला व दशहरा महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर समिति ने जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, जिला व पुलिस प्रशासन, नगरपालिका सीएमओ व प्रशासनिक अमले सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही तन-मन-धन से सहयोग देने वाले समस्त शहरवासियों के प्रति भी हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

आभार व्यक्त करने वालों में संयोजक गोविंद सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, ब्रजेश राठौर, दीपक सोनी, कला निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़, कला संरक्षक पर्वत सिंह चौहान एवं निर्देशक महावीर जैन शामिल रहे।

कलेक्टर ने बीनागंज में खाद्यान्न वेयरहाउस और खाद गोदाम का किया निरीक्षण

कन्या विद्यालय में छात्राओं से किया संवाद, 2047 का लक्ष्य बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को बीनागंज स्थित पीडीएस खाद्यान्न वितरण वेयरहाउस और खाद गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न के स्टॉक, उपलब्ध कर्मचारियों और खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद वे चांचौड़ा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां छात्राओं से संवाद कर उन्हें विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक और चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची भी उपस्थित रहीं।कलेक्टर ने बीनागंज स्थित पीडीएस खाद्यान्न वितरण वेयरहाउस का निरीक्षण कर उपलब्ध स्टॉक एवं कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद पास ही स्थित खाद गोदाम का जायजा लिया और किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में खाद की कोई समस्या नहीं है। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।चांचौड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने छात्राओं को विकसित भारत-2047 की परिकल्पना से अवगत कराया। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर से आठ गुना तक बढ़ाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए छात्राओं को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

एसपी ने नशे से दूर रहने और लक्ष्य पर ध्यान देने की दी सीख

पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और समर्पण आवश्यक है। साथ ही इंटरनेट का उपयोग ज्ञान अर्जित करने और सकारात्मक गतिविधियों के लिए करने की सीख दी।

विधायक प्रियंका पेंची ने छात्राओं को निडर होकर अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से विद्यालय में पढ़ाई और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कविता गायन की प्रस्तुति दी। शिक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

समाचार संक्षेप

एसडीएम ने कृषि उपज मण्डी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ली कर्मचारियों की बैठक



आरोन। कृषि उपज मण्डी आरोन में आगामी समय में अधिक मात्रा में आने वाली फसल विक्रय एवं नीलामी की सुचारू व्यवस्था के लिये एसडीएम आरोन मंजूषा खत्री द्वारा मण्डी परिसर का आकस्मिक निरीक्षण कर नीलामी प्रक्रिया एवं फसल खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही इस दौरान उन्होंयने धर्म तौल कांटे पर ट्रेक्टर-ट्रॉली द्वारा फसल तुलाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने मण्डी के समस्त कर्मचारियों की बैठक लेकर समय पर उपस्थित होकर अपनी ड्यूटी अच्छे से करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में मण्डी गेट पर अनाधिकृत वाहनों को प्रवेश न देने हेतु सख्त हिदायत दी गई। मण्डी परिसर में आवश्यक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पर्याप्त फ्लेक्स बैनर इत्यादि लगवाने हेतु मण्डी सचिव को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कृषि उपज मण्डी में किसानों की सुविधाओं एवं फसल विक्रय व्यवस्थाएं बनाये रखने हेतु समय-समय पर इसी प्रकार से निरीक्षण कार्यवाही की जाती रहेगी। इस निरीक्षण के समय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आरोन अमित जैन, मण्डी सचिव रामकृष्ण लोधा सहित निरीक्षक, मण्डी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को

गुना । जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला गुना ने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन दिनांक 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में किया जाना है। संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन 05 विधाओं समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड नाटक विद्या में किया जाना है। इस वर्ष सांस्कृति ट्रेक में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगायन, पेटिंग, कविता लेखन एवं नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया जावेगा।
जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रातः 10:00 बजे से किया जावेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष (17 अगस्त 2016 की स्थिति में) आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते है। प्रतिभागी को अपनी विधा से संबंधित समस्त सामग्री/गणवेश स्वयं लाना होगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को अपने साथ दो फोटो, मूलनिवासी प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की छायाप्रति, जन्म प्रमाण पत्र/बोर्ड की अंकसूची साथ में लाना अनिवार्य होगी तथा प्रतिभागी को माय भारत पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

गुना। सहायक प्रबंधक शहर जोन म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि 11 केव्ही नई सड़क फीडर पर दीवाली पर्व पूर्व पोस्ट् मानसून मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आशीर्वाद रोड़, नई सडक, अस्पताल चौराहा, जैन भोजनालय आदि क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। उक्तड समयावधि को आवश्यलकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता हैं।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने समझाया सम्यक दर्शन का महत्व

सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के प्रति श्रद्धा जागृत करना ही सच्चा नेत्रदान : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति, विद्यागुरु कुल गौरव, महातपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली आशुकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने शुक्रवार को विद्यासागर सभागार, राघौगढ़ में आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। 'नेत्रदान क्या है' विषय पर मंगल प्रवचन देते हुए मुनिश्री ने कहा कि लौकिक जीवन में नेत्रदान, अंगदान और किडनी दान सहित अनेक प्रकार के दान प्रचलित हैं, लेकिन जैन दर्शन में दान के वास्तविक स्वरूप को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अशुद्ध वस्तु का दान जैन दर्शन के अनुसार वास्तविक दान की श्रेणी में नहीं आता। मुनिश्री ने कहा, "मैं आपकी अंदर की आंखें खोलना चाहता हूं।" उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी आंखें संसार को देखने में सहायता करती हैं, जबकि भीतर की आंखें खुलने से मनुष्य को सत्य का बोध होता है और सम्यक दर्शन की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। यही आध्यात्मिक जागृति जीवन को सही दिशा प्रदान करती है।

तीन प्रकार से जागृत होती हैं भीतर की आंखें

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने भीतर की आंखें खुलने के तीन प्रकार बताते हुए कहा कि पहला प्रकार स्वयं बुद्ध का है, जिसमें व्यक्ति स्वयं अपने विवेक से सम्यक दर्शन प्राप्त करता है। दूसरा प्रकार बौद्धिक बुद्ध का है, जिसमें दूसरे के उपदेश अथवा प्रवचन सुनकर व्यक्ति को सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है। तीसरा प्रकार प्रत्येक बुद्ध का है, जिसमें किसी विशेष घटना या प्रसंग से वैराग्य उत्पन्न होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भगवान आदिनाथ को नीलांजना के नृत्य से तथा भगवान नेमीनाथ को पशुओं के बंधन और उनकी पीड़ा को देखकर वैराग्य हुआ था। इसी प्रकार आचार्य मुनिराज के प्रवचनों से किसी व्यक्ति के भीतर वैराग्य भाव जागृत होना भी आध्यात्मिक परिवर्तन का माध्यम बनता है। मुनिश्री ने जीवन की क्षणभंगुरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य जीवन एक टिकट घर के समान है। यहां प्रत्येक व्यक्ति को सीमित समय मिला है।

कॉलेज में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मप्र में आज उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संविधान, कानून, नागरिक अधिकारों, आपराधिक न्याय व्यवस्था, सड़क सुरक्षा तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमलता श्रीवास्तव उपस्थित रही। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को संविधान एवं कानून की जानकारी होना आवश्यक है। जागरूक युवा ही एक सुरक्षित, जिम्मेदार और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रशांत कुमार सुमन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान, नागरिकों के अधिकारों, संविधान एवं कानून की बुनियाद तथा आपराधिक न्याय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

रामलीला में राम जन्म और ताड़का वध का शानदार मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

श्री हनुमानजी रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म, बाल लीलाओं और ताड़का वध के प्रसंगों का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली संवादों और सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण की कथा से जोड़े रखा। रामलीला में दिखाया गया कि पृथ्वी पर राक्षसों के अत्याचार बढ़ने से पृथ्वी और देवता भगवान शंकर एवं ब्रह्माजी के पास पहुंचे और अपनी व्यथा सुनाई। देवताओं की प्रार्थना पर आकाशवाणी हुई कि भगवान विष्णु अयोध्या में राजा दशरथ के घर अवतार लेंगे। उधर, अयोध्या के राजा दशरथ उत्तराधिकारी की चिंता में गुरु वशिष्ठ के पास पहुंचे। उनके मार्गदर्शन में ऋषि श्रृंगी द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ कराया गया। यज्ञ के फलस्वरूप राजा दशरथ की तीनों रानियों को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म पर उत्सव मनाया गया। बधाइयां गाई गईं और नृत्य-संगीत के साथ खुशियां मनाई गईं।



भगवान श्रीराम और उनके भाइयों के बड़े होने पर गुरु आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने का प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र राक्षसों के अत्याचार से अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को साथ ले गए। मार्ग में भगवान श्रीराम ने ताड़का का वध कर ऋषियों को भयमुक्त किया। आगे बढ़ने पर उन्हें एक सुनसान आश्रम में पत्थर की शिला दिखाई दी। कथा के अनुसार, वह महर्षि गौतम की पत्नी अहिल्या थीं, जो श्राप के कारण शिला बन गई थीं। भगवान श्रीराम के चरण-स्पर्श से उनका उद्धार हुआ। अहिल्या ने भगवान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

जन-विश्वास शिविर आयोजित, कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं, मौके पर समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत 23 अक्टूबर शुक्रवार को नगरपरिषद चाचौड़ा-बीनागंज के सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर का आयोजन किया गया।शिविर की शुरुआत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और अधिकारियों के साथ क्षेत्र का कन्या शाला स्कूल का भ्रमण कर किया। चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची विशेष रूप से उपस्थित रही।शिविर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नेतृत्व में जिला एवं चाचौड़ा ब्लॉक के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं, शिकायतों और आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया गया। साथ ही, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल पुलिस अधीक्षक हितिका बासल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम चाचौड़ा अमित सोनी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी पुलिस मनोज झा ,तहसीलदार चाचौड़ा मयंक खमरिया ,थाना प्रभारी चाचौड़ा बीनागंज दिलीप राजोरिया ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चाचौड़ा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रमोद कुमार बरुआ नगरपरिषद चाचौड़ा-बीनागंजअन्य विभागीय अधिकारीः कृषि विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग,खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, पीडब्ल्यूडी , विद्युत विभाग , पीएचई एवं सामाजिक न्याय विभाग के अनुभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसंवाद एवं उद्योग संवाद का आयोजनशिविर के दौरान विशेष जनसंवाद और उद्योग संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उद्योग संवाद के अंतर्गत एमएसएमई तथा कुटीर उद्योगों से जुड़े स्थानीय उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जगदीश मीना जिला भाजपा उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सुनीता नाटाणी, अनिरुद्ध मीना, अमित सोनी एस डी एम, नीरज लोधी, मयंक खेमरिया तहसीलदार, प्रमोद बरुआ मौजूद रहे।

पुलिस ने दो आरोपियों से 2 किलो 454 ग्राम गांजा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाइयां करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2 किलो 454 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जप्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 38 हजार रुपये है।

पहली कार्यवाही में पुलिस ने पडरिया रोड से आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सोनम यादव पुलिस बल के साथ कस्बा भ्रमण पर थीं। इसी दौरान पडरिया रोड, अशोकनगर पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम अरविन्द्र लोधी पुत्र महेश लोधी, उम्र 32 वर्ष, निवासी



छैलाबाग, अशोकनगर बताया। स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में उसके पास मौजूद बैंगनी-पीले रंग के थैले की तलाशी लेने पर दो सफेद प्लास्टिक की थैलियों में गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से वजन करने पर गांजे का शुद्ध वजन 1 किलो 304 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 26 हजार रुपये है।

दूसरी कार्यवाही में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चन्दा के होटल के पीछे, मंदसौर मील, अशोकनगर में एक व्यक्ति थैले में गांजा रखकर बेचने की फिराक में बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ मौके पर पहुंची और संदेही को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम संतोष पुत्र प्रानसिंह जाट, उम्र 38 वर्ष, निवासी गडरिया मोहल्ला, अशोकनगर बताया। उसके थैले की तलाशी लेने पर पन्नी में गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर पन्नी सहित कुल वजन 1 किलो 150 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12 हजार रुपये है। पुलिस द्वारा गांजा विधिवत जप्त कर आरोपी संतोष जाट को गिरफ्तार किया गया।

थाना ईसागढ़ ने तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ईसागढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।उल्लेखनीय है कि 23.10.2026 को थाना ईसागढ़ पुलिस को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में प्रदीप पिता भैयालाल, निवासी घोसी मोहल्ला ईसागढ़, देवेंद्र पिता नारायण प्रजापति, निवासी अग्रवाल मोहल्ला ईसागढ़ तथा गोविंद पिता लक्ष्मी प्रजापति, निवासी अग्रवाल मोहल्ला ईसागढ़ शामिल हैं। पुलिस द्वारा तीनों गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

28 अक्टूबर को होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 के आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस कक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

अपने-अपने सुझाव दिए

इस बैठक के माध्यम से जिला स्तरीय आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं और प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करने सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव -2026 का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में किया जायेगा। इस आयोजन में 15 से 29 वर्ष के युवाओं एवं कलाकारों को सम्मिलित कराया जाएगा। प्रतिभागियों हेतु लोक नृत्य,लोक गायन, चित्रकला,नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन मे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर



प्राप्त होगा। इस बैठक में डॉ विजय सिंह नेहरू महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य, एनिस जैन शिक्षा विभाग, श्रेया कंडोला जिला युवा अधिकारी, अनिल धकाते व्याख्याता पॉलिटेक्निक, बलराम शर्मा एवं राजेंद्र चौधरी शिक्षा विभाग के अलावा खेल विभाग से अरुण रघुवंशी (प्रभारी), वीरेंद्र कुमार, हर्षा झरिया, रेणु ओझा विकासखंड मुंगावली से राजेश कुशवाहा विकासखंड चंदेरी से राहुल सिसोदिया खेल प्रसिक्षक सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

रविवार को लगेगा विशेष महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

अशोकनगर। नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था जैन जागृति मंडल द्वारा संचालित आचार्य श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत रविवार को नियमित मधुमेह एवं रक्तचाप शिविर के साथ विशेष महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित करने जा रहा है। जिसमें महिलाओं के रूटीन चेकअप के साथ निःसंतानता एवं त्वचा रोग संबंधित निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। यह शिविर प्रातः 11 बजे से जैन नर्सिंग होम, इंदिरा पार्क में लगाया जाएगा। जैन जागृति मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन बज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रविवार को नियमित रूप से डॉ. डी के जैन एवं डॉ. विनोद जैन पिपरई मधुमेह एवं रक्तचाप शिविर में परामर्श देंगे। विशेष महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हेतु नगर की प्रसिद्ध गायनिक स्किन केयर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. मेघा मांवर एवं डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. निकिता चैरसिया अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगी। मंडल अध्यक्ष नीलेश बड़कुल ने बताया कि इस रविवार को यह विशेष शिविर स्व. दिलीप कुमार बडकुल कि तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर वर्षा बड़कुल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि जैन जागृति मंडल अशोकनगर द्वारा विगत 9 वर्षों से नियमित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर इंदिरा पार्क स्थित जैन नर्सिंग होम में रविवार को आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मधुमेह एवं रक्तचाप से संबंधित रोगियों को परामर्श एवं दवाइयों का वितरण निशुल्क किया जाता है। संस्था के द्वारा महिलाओं से अनुरोध भी किया गया है कि इस विशेष महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाएं।

कलेक्टर ने किया शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कोहरवास का निरीक्षण



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के पश्चात शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कोहरवास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से मध्यान्ह भोजन,किताबो का वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बच्चों से गणित से संबंधित सवाल जबाव किये। इस दौरान उन्होंने निर्माणधीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय साथिया समागम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नेहा शाक्य और विवेक आदिवासी का सम्मान



ईसागढ़। एनएचएम के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल में 22 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय साथिया समागम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम नरसूखेड़ी की नेहा शाक्य एवं ग्राम कालीटोर के विवेक आदिवासी का प्रशिक्षक सृष्टि गुप्ता द्वारा शासकीय हाई स्कूल, ढाकोनी में सम्मान समारोह आयोजित कर फूलों एवं उपहारों से स्वागत किया गया। दोनों साथियों ने भाषण के माध्यम से किशोर स्वास्थ्य एवं जागरूकता का संदेश देते हुए ब्लॉक ईसागढ़ का नाम रोशन किया। आरकेएसके अंतर्गत पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, असंचारी रोग, नशे के दुष्प्रभाव, चोट एवं हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने में साथियों की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में सीएचओ अरीम मोरे प्राचार्य रश्मि शर्मा, शिक्षकगण, दोनों साथियों के अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

स्वर्गीय सउनि. तोरन सिंह की पत्नी को परोपकार निधि दी

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा नवीन परोपकार निधि योजना के अंतर्गत स्वर्गीय सहायक उपनिरीक्षक तोरन सिंह की पत्नी कपूरी बाई को 23 अक्टूबर को शेष परोपकार निधि की राशि 04 लाख रुपये प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि 22 जुलाई 2026 को बीमारी के कारण सउनि. तोरन सिंह का निधन हो गया था। उनके निधन के समय ही पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए वेलफेयर फण्ड से 01 लाख रुपये की अग्रिम सहायता राशि प्रदान की गई थी। साथ ही नियमानुसार शेष परोपकार निधि की राशि उपलब्ध कराने हेतु रक्षित निरीक्षक, पुलिस



लाइन अशोकनगर अविनाश उमरैया को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में आज स्वर्गीय सउनि. तोरन सिंह की पत्नी कपूरी बाई को शेष 04 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस प्रकार नवीन परोपकार निधि योजना के अंतर्गत परिवार को कुल 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में क्रीड़ा सचिव के चयन हेतु खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया जो की आगामी एक सप्ताह तक चलेंगे। जिसमे छात्रा- छात्राओं की शतरंज एवं केरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमे शतरंज प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के फाइनल इयर के छात्र हेमंत शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सिविल ब्रंह के अक्षुन्य रघुवंशी द्वितीय एवं



मैकेनिकल ब्रांच के रोहन बेलिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कार्रोम प्रतियोगिता में में भी इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के छात्र यश दुबे ने प्रथम स्थान तथा मैकेनिकल ब्रांच के छात्र आदेश रघुवंशी ने द्वितीय एवं नंदकुमार लोधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त क्रिकेट, बालीबाल, टेबल टेनिस, 100, 200, एवं 400 मीटर रिले रेस एवं रस्सा कस्सी का भी आयोजन संस्था के ग्राउंड में किया जाना है। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा।

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों, जीर्णशीर्ण मतदान केन्द्र/भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव भेजे गये है। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर अंतर्गत 1200 से अधिक मतदाता होने पर 04 मतदान केन्द्र एवं 01 मतदान केन्द्र जीर्णशीर्ण होने से एवं अन्य कारण से प्रस्तावित किये गये है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी अंतर्गत 03 मतदान केन्द्र



जीर्णशीर्ण होने से एवं अन्य कारण से प्रस्तावित तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली अंतर्गत 02 मतदान केन्द्र दूरी अधिक होने से प्रस्तावित अनुभाग अन्तरण, 01 मतदान केन्द्र जीर्णशीर्ण होने से एवं अन्य कारण से प्रस्तावित तथा 02 मतदान केन्द्र भवन का नाम परिवर्तन किये जाने हेतु प्रस्तावित किये गये है। प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के प्रस्तावों पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

खबर संक्षेप

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शरद पूर्णिमा महापर्व मनाया जाएगा

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शरद पूर्णिमा महापर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रविवार को शरद पूर्णिमा पर भगवान बालमुकुंद जी को खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को बंटी जाएगी उन्होंने बताया कि इस दिन विशेष शुभ योग बन रहे हैं पहला सर्वार्थ सिद्धि योग द्वितीय हर्षण योग तृतीय लक्ष्मी नारायण योग यह सभी योग शुभ कार्य में सिद्धि देने वाले हैं। आयुर्वेद के अनुसार इस प्रसाद से शरीर निरोग रहता है इसीलिए सभी भगवान को खीर का भोग लगाकर अपने-अपने घरों पर खुले स्थान पर रखते हैं।

अज्ञात कार की टक्कर से तीन घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतग्रत ग्राम खमखेडी निवासी देवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात कार के चालक ने ग्राम इमला में टोल के समीप अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे एवं उसकी पत्नि कलाबाई और 12 वर्षीय पुत्र सूर्यांश को चोटे आई हैं।

बाईक चालक पर मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत ईदगाह पठार मोहरी रोड़ पर एक महिला की मौत हो गई थी, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मर्ग की जांच के बाद पुलिस ने बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडजी 1377 के चालक पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने 4 आरोपियों पर मामला दर्ज किया

अशोकनगर। स्थानीय गुना रोड़ पर टीवीएस शोरूम के पास पिछली 5 अक्टूबर को लूट की घटना हुई थी, जिसमें अज्ञात लुटेरे बाईक चालक से बाईक लूट ले गए थे। कोतवाली पुलिस ने उक्त मामले में 4 पर मामला दर्ज किया है,पुलिस ने एक आरोपी रिषभ रघुवंशी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी फरियादी आदित्य यादव निवासी बहादुरपुर की बाईक उसके दोस्त द्वारा सर्विस कराने के लिए एजेंसी पर ले जाई जा रही थी तभी टीवीएस सोरूम के पास अनिल, रिषभ युवराज और उसके एक साथी ने उसे रोककर यह कहकर कि उसने स्कूटी की किश्त नहीं भरी है जिस पर से बाईक छीन ली थी। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी शंभु यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल यादव, दीपू और कृष्णा बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से दीपेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शंभु कुलदीप और प्रीति यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढी चंदेरी निवासी दौलत बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान, बुंदेल और अंकेश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से पहलवान बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दौलत बंजारा ने बोर पर पानी भरने की बात पर से उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपनगर निवासी सोनू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मवीर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईन्दौर निवासी आशीष साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह, रामकुमार, कान्हा और दुष्यंत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी वीर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशीष साहू, महेश साहू और भीकम पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले भर की मंडियों में मक्का की बंपर आवक

मंडी में मक्का की रिकार्ड तोड़ आवक 35 हजार बोरी माल मंडी में पहुंचा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले भर में नवरात्रि पर्व के समापन और दशहरा पर्व का अवकाश समापन होने के बाद मण्डियों में माल की आवक बडे पैमाने पर हो रही है,जिसमें मक्का रिकार्ड तोड़ रही है। अशोकनगर मंडी में 35 हजार बोरी माल की आवक होने के साथ जिले भर की मण्डियों में मक्का की रिकार्ड तोड़ आवक हो रही है। मंडियों में पैर रखने के लिए जगह नहीं है और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अगले दिन तक का इंतजार करना पड़ रहा है।

अशोकनगर मण्डी जिले की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है जो प्रदेश की प्रमुख मंडियों में गिनी जाती है। इस बार यहां के किसानों ने गतवर्ष मक्का के दामों में गिरावट होने के बाद 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का का उत्पादन कम किया था लेकिन जब मक्का पैदावार होने के बाद मंडियों में आई तो मक्का ने किसानों को मालामाल कर दिया है। मण्डियों में मक्का के दाम गतवर्ष से 1000 रूपए प्रति क्विंटल अधिक हैं एक तो माल का उत्पादन अधिक ऊपर से दाम भी अधिक मिलने के कारण किसानों ने मक्का निकलने के बाद अपनी फसल बेचने के लिए सीधे मण्डियों का रूख कर लिया है, जिसके कारण मंडी में ट्रालियां नहीं समा रही हैं। यह स्थिति जिले की अशोकनगर मण्डी के साथ, शाढौरा,मुंगावली, चंदेरी ,ईसागढ सभी मण्डियों में हैं।

मक्का के दाम इस बार 1500 से 2500 रूपए तक के हैं अच्छी मक्का 2500 रूपए क्विटंल में बिक रही है, गत वर्ष इसी मक्का के भाव 1500 रूपए प्रति क्विटंल थे। अशोकनगर मण्डी में 35 हजार बोरी मक्का की आवक हुई, जिसके कारण मण्डी में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए बारी का इंतजार करना पड़ा। मण्डी में कई किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए नीलामी बोली खत्म होने के कारण अगले दिन तक का इंतजार करना पड़ा है, मण्डी में नए सोयाबीन की 3000 बोरी आवक हुई। इस बार सोयाबीन के दाम 5800 से 6900 प्रति क्विंटल के हैं। अगर सोयाबीन के दामों में तेजी आई तो अगले वर्ष किसान सोयाबीन का उत्पादन अधिक मात्रा में कर सकते हैं। सोयाबीन की खास बात यह है कि सोयाबीन खराब नहीं होता, कितने ही साल रखा रहे, जबकि अन्य फसलें खराब हो जाती है।

शाढौरा के मिर्जा धर्म कांटे पर पसरी अव्यवस्था

शाढ़ौरा स्थित नईसराय और शाढ़ौरा के मख्य मार्ग पर स्थित मिर्जा धर्म कांटे पर फैली भारी अव्यवस्थाओं के कारण मुख्य मार्ग पर रोजाना लंबा भीषण जाम लग रहा है। इस बेतरतीब जाम की वजह से क्षेत्र में किसी भी समय बड़ी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यदि क्षेत्र में कोई गंभीर आपातकाल या दुर्घटना हो जाए, तो न तो मरीजों की जान बचाने वाली एम्बुलेंस यहां से निकल सकती है और न ही दमकल की गाड़ी इधर-उधर हो सकती है।

बिना प्रबंधन कहीं भी खड़ी हो रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

स्थानीय लोगों और राहगीरों के अनुसार, मिर्जा धर्म कांटा प्रबंधन द्वारा वाहनों की तौल और सुगम आवाजाही के लिए कोई भी पुख्ता या प्रॉपर व्यवस्था नहीं की गई है। कांटे पर फसल लेकर आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कतारबद्ध करने का कोई नियम नहीं है। इसके चलते वाहन चालक अपनी ट्रॉलियों को सड़क पर कहीं भी बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते हैं, जिससे पूरा रास्ता ब्लॉक हो जाता है और देखते ही देखते इस सड़क मार्ग से निकलने बाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

हर समय मंडरा रहा है बड़ा खतरा

रोजाना बनने वाली इस स्थिति से न सिर्फ आम राहगीर परेशान हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाओं के पूरी तरह ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। निकलने बाले वाहन चालकों का कहना है कि यह व्यस्त मार्ग है और रोजाना इस तरह ट्रैफिक जाम होने से गंभीर समस्या पैदा हो रही है प्रशासन की अनदेखी के चलते धर्म कांटा संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं और आम जनता की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। इस सड़क मार्ग से गुजरने बाले लोगो का कहना कि जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस और संबंधित अधिकारियों इस गंभीर समस्या का तुरंत संज्ञान लेकर। धर्म कांटा संचालकों को सख्त हिदायत देकर वाहनों के लिए अलग से टोकन व्यवस्था लागू करवाई जाए, य कोई और व्यवस्था बनाई जाए ताकि सड़क पूरी तरह खाली रह सके और किसी भी संभावित बड़े हादसे को समय रहते रोका जा सके।

आए दिन गिर रहे बच्चे और जानवर

अधूरे नाले और खुले चेंबर बने हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



करोड़ो रूपये से बन रहे नगर में नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से रहवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वार्ड क्रमांक 1 में जेल तालाब से निकलने वाली छारार से नाले का निर्माण कराया जा रहा था जो सड़क के पास नाला निर्माण अधूरा पड़ा है। वहीं खुले चेंबर और नाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आएदिन बच्चे और जानवर खुले चेंबर व नाले में गिर रहे हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

क्षेत्र में करीब दो माह से गंदा पानी जमा होने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। नाले में लगभग चार फीट तक पानी भरा होने और निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से आसपास के क्षेत्र में तेज बदबू फैल रही है। लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। गंदगी के कारण बीमारियों और संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

मोहल्ले में खुले चेंबर और अधूरे नाले राहगीरों, बच्चों तथा मवेशियों के लिए खतरा बने हुए हैं। आएदिन बच्चों और जानवरों के नाले में गिरने की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते चेंबरों को ढकने और नाले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था करने के कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार, नाला निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाना था, लेकिन 6 माह बीतने को है काम अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य बंद होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर निर्माण कार्य अधूरा क्यों छोड़ दिया गया और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों ने अब तक क्या कार्रवाई की?स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि खुले चेंबरों को तत्काल ढका जाए, नाले के खतरनाक हिस्सों पर सुरक्षा व्यवस्था की जाए और जमा गंदे पानी की निकासी कराई जाए। साथ ही अधूरे नाला निर्माण को जल्द पूरा कराकर लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय की जाए।

शाढ़ौरा में मस्कुलोस्केलेटल रोग निवारण शिविर आयोजित हुआ



अशोकनगर। संचालनालय आयुष, भोपाल के निर्देश के पालन में 23 अक्टूबर को जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मस्कुलोस्केलेटल रोग निवारण शिविर का आयोजन शाढ़ौरा में किया गया। शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर शाढ़ौरा द्वारा किया गया, जिसमें कुल 58 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मरीजों के रक्तचाप एवं रक्त शर्करा स्तर की जांच कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया।

युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं का 181 का हुआ चयन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय पिपरई अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पिपरई राजमणि यादव, जन भागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय पिपरई रवींद्र शुक्ला, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग से बी.एस.मीना, महा विद्यालय से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ हेमंत समाधिया एवं लीड बैंक मैनेजर राजीव राय के आतिथ्य में संपन्न किया गया। जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि आज आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 09 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 272 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 198 का प्रारंभिक चयन हुआ और 181 आकांक्षी युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गए। युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की 9 विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवा संगम में युवक युवतियों को नशामुक्ति की जानकारी, दी गई और शपथ दिलाई गई और इसके साथ ही कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना,मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना,प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई।

पटाखा दुकान संचालकों की बैठक आयोजित

अशोकनगर। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखों के भंडारण एवं विक्रय के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पटाखा दुकान संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विस्फोटक नियंत्रक के निर्देशानुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जिले में पटाखों का भण्डारण एवं विक्रय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पटाखों के सुरक्षित भंडारण और अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को दुर्घटना रहित मनाये जाने हेतु सामूहिक प्रयासो से बनाई गई व्यवस्था आवश्यक है। इसमें सभी का सहयोग हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानों के लायसेंस हेतु पटाखा विक्रेताओ को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। ऑनलाईन आवेदन हेतु जिला स्तर तथा अनुभाग स्तर पर हेल्प काउन्टर बनवाये जाएंगे।

पाठशाला में संस्कारों की नींव रखी जाती है: मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने एक बहुत बड़ा आलीशान महलनुमा घर बनाया। परन्तु वह घर बहुत जल्दी ही ढह गया। इतना बड़ा, इतना सुन्दर, इतना आलीशान मतलब सबकुछ सुविधा थी उस घर में, ऐसा घर इतनी जल्दी कैसे ढह गया। लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। लेकिन देखा तो उस भवन की नींव बहुत कमजोर थी।

उन्होंने कहा कि जब जड़ें कमजोर हो जाती हैं, तो बड़े से बड़े विशाल वृक्ष भी धाराशायी हो जाते हैं। इसे आधार-आधेय सम्बन्ध कहते हैं। आधार जब तक मजबूत नहीं होता है, तब तक आधेय कुछ नहीं कर सकता क्योंकि आधार के आधार से ही आधेय रहता है। नींव और जड़ आधार है और भवन और वृक्ष आधेय है। जब आधार कमजोर होगा, तब हम किस आधार से आधेय को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। यह बात हम सभी को बहुत अच्छे से समझ में आ जाती है। आज सभी को अपनी सन्तान को संस्कार देना है तो इन संस्कारों का आधार यह पाठशालायें हैं। जहाँ से आपकी संतती में संस्कारों का बीजारोपण होता है। और यह बीज भविष्य में कब वटवृक्ष का रूप ले ले कोई नहीं जानता।

इसलिये आपकी सन्तान रूपी बीज को पाठशाला के वातावरण में वपन करें, उसका संवर्धन करें, उसका संरक्षण करें। ताकि आपको भी निकट भविष्य में उसका परिणाम सुखद मिले। यह आधारशीला है भविष्य निर्माण की। आज हम सभी बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सी.ए., सी.एस. आइएएस आइपीएस आदि बनाना चाहते हैं। परन्तु अगर संस्कार व्यवस्थित हैं तो सब बनना सार्थक है। वरना तो कहावत है प्यूत सपूत तो क्यों धन संचय और पूत कपूत तो क्यों धन संचय। आचार्यों ने भी कहा है यः उत्पन्नः पुनाति वंशं सः पुत्रः जो उत्पन्न होकर कुल को पवित्र करे वही पुत्र है, वही सुपुत्र है। यहाँ पर आचार्यों ने उत्पत्ति को मुख्यता ना देकर पवित्रता को मुख्यता दी है। इसे सभी समझने का प्रयास करें।

पुलिस ने जुए के अड्डे से 9 आरोपी किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के पिपरई पुलिस ने जुए के अडडे पर बड़ी कार्यवाही की यहां से पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर 18600 रूपए नगद और 3 बाईक व ताश की गडडी बरामद की हैं।

थाना पिपरई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी चक्क में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी पिपरई द्वारा पुलिस टीम गठित कर ग्राम सेमरी चक्क में स्कूल के पीछे दबिश दी गई, जहां जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में जगदीश पुत्र कन्छेदी यादव उम्र 28 वर्ष, ज्ञानसिंह पुत्र कन्छेदी यादव उम्र 40 वर्ष, कल्याण सिंह पुत्र मदन सिंह बंजारा उम्र 19 वर्ष एवं चरण सिंह पुत्र जसरथ सिंह बंजारा उम्र 25 वर्ष, निवासीगण ग्राम सेमरी थाना पिपरई तथा संदीप पुत्र चरण सिंह यादव उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम ढोड़िया थाना पिपरई, जिला अशोकनगर शामिल हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 18,600 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जब्त की गई। कार्यवाही के दौरान मौके से फरार हुए पवन पुत्र जसरथ बंजारा, रघुवीर पुत्र करतार, कन्हई पुत्र शिवराज एवं लाखन पुत्र रामसिंह को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मौके से तीन मोटरसाइकिल हीरो होंडा साइन, एचएफ डीलक्स एवं एक पुरानी बजाज मोटरसाइकिल भी विधिवत जब्त की गई हैं।

ग्राम पंचायत कोहरवास में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित

ग्रामीणों की समस्याओं का सरलता व सुगमता से निराकरण जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्रामीणों की समस्याओं का पूर्ण रूप से सरलता,सुगमता एवं तुलनात्मक रूप से निराकरण कराना मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा मौके पर ही निराकरण कराया जाता है।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण परीक्षण उपरांत से शिविर में कराया जाता है। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कोहरवास में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के आयोजन के दौरान कही। शिविर में 186 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 96 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को प्रेषित किये गये। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक शुक्रवार मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में कोहरवास में आयोजित शिविर में विभिन्न समस्यामूलक आवेदनों का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच जनता तक पहुंचाना है।



केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाना है। साथ ही शिविरों के माध्यम से उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

शासन की योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस प्रकार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

उद्यम संवाद का भी हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के साथ उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमियों सीताराम कुशवाह, शशि कुशवाह,सुनीता,लखपति कुशवाहा,गोविंद लोधी ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता की कहानियां सुनाईं। उद्यमियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रयासों, मेहनत और उपलब्ध अवसरों के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढाया के बारे में जानकारी दी। शिविर में मेधावी छात्र-छात्राओं प्रीति आदिवासी,श्रृष्टि राय एवं रिंकी कुशवाह को लेपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदाय किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत अंजलि पाल एवं प्रीति कुशवाह को ई-स्कूटी प्रदाय की गई।

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत हितग्राहियों लाड़ली लक्ष्मी योजना,जाति प्रमाण पत्र, फौती नामांतरण,स्वरोजगार योजना के तहत ऋण वितरण, विद्युत कनेक्शन,दिव्यांग प्रमाण पत्र,स्व सहायता समूहों को सीसीएल की राशि के चेक वितरण, आयुष्मान कार्ड का हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर में सांसद प्रतिनिधि हरीसिंह रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि शिवप्रताप सिंह रघुवंशी, अनूसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी, सिरनाम सिंह यादव, रंजीत सिंह, शिवेन्द्र यादव आदि रहे मौजूद।

न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू होने से पहले भुगतान का मामला

बिना काम ही पंचायत गोघटपुर ने निकाल लिए 3.97 लाख, पंचायत इंस्पेक्टर ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

जनपद पंचायत जीरापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोघटपुर में न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू नहीं होने से पहले ही भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। मेरी पंचायत पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को ओम स्टील, जीरापुर के नाम पर 3 लाख 97 हजार रुपये का भुगतान दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि भुगतान के समय निर्माण कार्य नहीं हुआ था। मामले में शिकायतों और खबर प्रकाशन के बाद करीब छह महीने बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इससे पंचायत की भुगतान प्रक्रिया और जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।





निर्माण से पहले भुगतान कैसे हुआ?

ग्रामीणों के अनुसार, न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर का निर्माण होना था, लेकिन कार्य शुरू होने से पहले ही राशि का भुगतान कर दिया गया। इस मामले में सरपंच योगेश गुप्ता और सचिव भेरूलाल कुम्भकार की भूमिका को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत जीरापुर से लेकर जिला पंचायत राजगढ़ तक शिकायत की है। इसके बावजूद अब तक जांच दल गठित होने या जांच शुरू होने की जानकारी सामने नहीं आई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भुगतान के समय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था, तो राशि किस आधार पर जारी की गई? क्या भुगतान से पहले इंजीनियर ने स्थल निरीक्षण कर मूल्यांकन किया था? यदि हां, तो बिना निर्माण कार्य के मूल्यांकन किस आधार पर किया गया? इन सवालों का जवाब संबंधित दस्तावेजों की जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा।

जांच और जवाबदेही का इंतजार

ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जनपद और जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच कब शुरू करते हैं और भुगतान से संबंधित बिल-वाउचर, माप पुस्तिका तथा तकनीकी मूल्यांकन की पड़ताल करते हैं या नहीं। सरकारी राशि के उपयोग और निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि भुगतान की प्रक्रिया, निर्माण में देरी और जिम्मेदारी से जुड़े तथ्यों का खुलासा हो सके।

इनका कहना है

इस संबंध में सचिव से पूछा जाए कि उन्होंने राशि क्यों निकाली। नियमानुसार छह महीने तक कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है। पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

-अनिल शिवहरे, पंचायत इंस्पेक्टर जीरापुर

उक्त योजना की राशि निकाल ली गई है, लेकिन अब काम चालू कर दिया, जल्द ही निर्माण पूरा हो जाएगा।

भेरूलाल कुंभकार, सचिव ग्राम पंचायत गोघटपुर

निर्माण की गुणवत्ता पर उठे

टीन शेड हवा में उड़ा, कई चद्दरें मुड़ गई तो कई उखड़ गईं



नगर पालिका ने ठेकेदार का भुगतान रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर पालिका सारंगपुर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 18 में एसपी हनुमान मंदिर के पास कुछ समय पहले चद्दर सेड लगाया गया था। , लेकिन टीन शेड की हालत देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार, टीन की चादरें इतनी पतली हैं कि तेज हवा के चलते कुछ चादरें उड़ गईं, जबकि कुछ छत पर ही मुड़कर क्षतिग्रस्त हो गईं। निर्माण के कुछ ही समय बाद शेड की ऐसी स्थिति सामने आने से सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण कार्य में बरती गई सावधानियों पर सवाल उठ रहे हैं। मामले को लेकर जब नगर पालिका के इंजीनियर विक्की ब्राह्मण से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया है। हालांकि, भुगतान रोकने के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर कराई जाएगी और संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई होगी, यह देखना बाकी है। सार्वजनिक कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि निर्माण के कुछ समय बाद ही शेड क्षतिग्रस्त होने लगे, तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होना जरूरी है। अब सवाल यह है कि नगर पालिका सारंगपुर केवल भुगतान रोककर मामला समाप्त करेगी या निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई भी करेगी?

जिला, संभाग व राज्य स्तर पर प्रथम रहे

अविरल की संगीत में जीत की हैट्रिक राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के होनहार गायक अविरल सक्सेना ने कला उत्सव की शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में लगातार तीन स्तरों पर सफलता हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। अविरल ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद संभाग स्तर पर जीत दर्ज करते हुए राज्य स्तर पर प्रवेश किया। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

अविरल सक्सेना नगर के प्रसिद्ध संगीत गुरु एवं बागेश्वरी म्यूजिक एकेडमी के संचालक अजय वंशकार के शिष्य हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में अविरल ने शास्त्रीय संगीत की साधना शुरू की। कुछ वर्ष पूर्व नवोदय विद्यालय में चयन होने के बाद उन्हें वहां के वरिष्ठ संगीत गुरु श्याम सुंदर भट्ट से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। दोनों गुरुजनों के मार्गदर्शन, नियमित रियाज और अविरल की निरंतर मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अविरल के पिता सत्येंद्र सक्सेना एवं माता स्मिता सक्सेना ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफलता का श्रेय गुरुजनों के आशीर्वाद और बेटे की मेहनत व लगन को दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गत दिवस को भोपाल संभाग के संभागीय संयुक्त संचालकएच.के. शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ को लेकर भाजपा जिला बैठक संपन्न

कांग्रेस सनातन संस्कृति को समाप्त करने में लगी: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ को लेकर भाजपा की जिला बैठक ब्यावरा रोड पर स्थित सोना कुंज होटल में शुक्रवार को दिन के 12बजे आयोजित की गई। बैठक को जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सनातन संस्कृति को समाप्त करने मैं लगी हुई है। परंतु उसके पास शिवाय अफवाह फैलाने हिंदुओं को बांटने तथा असंभव कार्य को संभव बनाने के लिए भीड़ तंत्र का सहारा लेकर केंद्र की सरकार तथा चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर बार-बार सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। जबकि कई प्रदेशों में कांग्रेस को सत्ता से दूर हुए 20 से 40 वर्ष बीत चुके हैं फिर भी कांग्रेस एसआईआर पर बार-बार सवाल उठा उठाकर देश में अराजकता फैलाना का कार्य करने में लगी हुई

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा कहा कि इस आयोजन को लेकर प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक एक टोली का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से इस आंदोलन को नीचे तक ले जाने का कार्य पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कांग्रेस के दुष्प्रचार को रोकना होगा। जिससे देश की भोली भाली जनता इन नेताओं के बहकावे में नहीं आपावे। कार्यक्रम को स्वतंत्र राज्य मंत्री गौतम टेटवाल लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ के जिला संयोजक मोहन गुप्ता द्वारा भी संबोधित किया गया। वही इस बैठक व्यवस्था को अमली जामा पहनाने वाले विधायक मोहन शर्मा द्वारा कहा कि हम सौभाग्यशाली है जो हमें एक साथ जिले के इतने नेताओं का स्वागत सत्कार करने का मौका मिलता है आप हमें बार-बार अवसर दें हम इसी प्रकार आपको व्यवस्था देते रहेंगे साथ ही उन्होंने कांग्रेस के चरित्र पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा हिंदू मुस्लिम को बांटकर देश की एकता और अखंडता को खंडित करने का काम अगर किसी पार्टी द्वारा किया जाता रहा है इसी का परिणाम है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर भीड़ तंत्र का सहारा लेकर देशमें अराजकता फैलाकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है।



इस अवसर सांसद रोडमल नागर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बद्रीलाल यादव, प्रताप मंडलोई, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चैहान, दीपक शर्मा, अभियान प्रभारी मोहन गुप्ता, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया,मंडल अध्यक्ष देवेंद्रसिंह बन्ना सभी मंचा सीन अतिथियों ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गई।

झांकी समितियों व रामलीला कलाकारों का सम्मान

विधायक ने सनातन संस्कृति को जीवंत रखने के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

हिन्दू उत्सव समिति द्वारा बीती रात्रि पुरानी कोतवाली परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें नगर की सभी नवदुर्गा एवं गणेश उत्सव झांकी समितियों और रामलीला मंचन करने वाले कलाकारों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्षों के स्वागत-सत्कार के साथ हुई। इसके बाद धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में योगदान देने वाली झांकी समितियों और कलाकारों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने युवा पीढ़ी द्वारा सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने और धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए सभी समितियों, कलाकारों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही झांकी समितियों को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। समारोह में डॉ. बंशीलाल गुप्ता, दामोदर उदावत, राजेश भंडारी, मंजुलता शिवहरे, भरत झंवर, रमेश मालवीय, शिव वैद्य, राजेंद्र उपाध्याय, मुन्ना साहू, लोकेन्द्र वर्मा, मनोज महावर एवं मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिक, झांकी समितियों के सदस्य और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

रामगढ़ में ज्वार की खेती से फसल विविधीकरण को मिल रहा बढ़ावा

ब्यावरा। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड जीरापुर के ग्राम रामगढ़ के कृषक जालूराम के खेत पर ज्वार की फसल की खेती की जा रही है। कृषि विभाग की राष्ट्रीय मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत कृषक को 30 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से ज्वार का बीज वितरित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी बाबूलाल वर्मा ने कृषक के खेत का निरीक्षण कर ज्वार की फसल की स्थिति का जायजा लिया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करना तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों को मिलेट्स की खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही कृषि पद्धतियों में विविधता लाने के प्रयासों को भी गति मिल रही है।

कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को खिलचीपुर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन एवं बीएमओ डॉ. कमल दांगी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडेंट रजिस्टर, आवश्यक दवा सूची, ओपीडी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं स्टॉक रूम में पहुंचकर दवाओं के भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया।

इंडेंट रजिस्टर एवं आवश्यक दवा सूची का समय पर अद्यतन नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित फार्मासिस्ट आर.डी. साहू से स्पष्टीकरण मांगा तथा स्टॉक में विसंगति के लिए जिम्मेदार पाए जाने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को दवाओं के स्टॉक का रिकॉर्ड के अनुसार मिलान करने, आवश्यक दवा सूची एवं इंडेंट रजिस्टर को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा अस्पताल के सभी अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल के स्टॉफ में हड़कंप मच गया।



महिला मूत्रालय में छत व गेट नहीं होने से नाराज लोगों ने नप में दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के इंदर चैराह पर महिलाओं के सुविधाओं के लिए नगर परिषद द्वारा बनवाए गए महिला मूत्रालय पर फैली अव्यवस्थाओं को लेकर नगर की ग्रीम टीम के सदस्याओं ने विगत एक माह पहले दिए ज्ञापन सौंपा था।

जिसमें महिलाओं के लिए बने मूत्रालय पर छत और गेट लगाने की मांग की गई थी, लेकिन नगर परिषद ने इस मांग को नजर अंदाज कर दिया। जब समय अधिक बीत जाने के बाद भी काम नहीं हुआ तो शुक्रवार को ग्रीन टीम के सदस्यों ने नगर परिषद के परिसर में धरने पर बैठ गए। हालांकि की धरना प्रदर्षन की खबर नगर परिषद को रात में लग जाने पर एक गेट रात में ही लगवा दिया गया, लेकिन छत नहीं डाल पाए। टीम सदस्य विष्णु सिंह गुर्जर वकील ने बताया 24 दिन पहले आवेदन दिया लेकिन नगर परिषद नहीं जागी इसलिए जब तक छत और पानी की टंकी की व्यवस्था नहीं होती, धरना जारी रहेगा। महिलाओं के सम्मान से समझौता नहीं करेंगे।



इनका कहना है

गेट लगवा दिया है, छत डालने से बदबू आती है तो स्टैंड बनाकर दो-तीन फीट ऊपर टीन लगाने की तैयारी की जा रही है। दो-तीन दिन में सब कार्य पूर्ण हो जाएगा।

-ब्रजेष उपाध्याय, उपयंत्री नगर परिषद जीरापुर

दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चमके सारंगपुर के किसान

खेती के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय, 40 देशों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय एग्रीवोल्टेइक्स वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस-2026 में राजगढ़ जिले के सारंगपुर तहसील ग्राम बिलौदा सड़क के रहने वाले प्रगतिशील किसान सतीश सिंह बैस ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। 21 से 23 अक्टूबर तक आयोजित इस सम्मेलन में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने जर्मनी सरकार के सहयोग से किया।कार्यक्रम में भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ. जैस्पर वीक, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान और केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी सहित विभिन्न राज्यों के कृषि एवं ऊर्जा मंत्री शामिल हुए। मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने भी राज्य की योजनाएं प्रस्तुत कीं।



खेती और सौर ऊर्जा से दोहरा लाभ

किसान बैस ने बताया कि एग्रीवोल्टेइक्स तकनीक के माध्यम से किसान एक ही जमीन पर खेती के साथ बिजली का उत्पादन भी कर सकते हैं। इसमें ऊंचाई पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं, जिससे नीचे फल, फसलें और सब्जियां उगाने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता बनने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। राजगढ़ जिले में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं, जो किसानों की आर्थिक प्रगति में सहायक हो सकती हैं। बैस के अनुसार, किसान पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-। के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़ सकते हैं। उपयुक्त परिस्थितियों में चार से पांच एकड़ जमीन पर 500 किलोवाट से दो मेगावाट तक का संयंत्र लगाने की संभावना है। बिजली वितरण कंपनी के साथ 25 वर्ष का विद्युत क्रय समझौता किया जा सकता है। वहीं, इच्छुक किसान परियोजना की शर्तों के अनुसार जमीन लीज पर देकर भी आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीवोल्टेइक्स तकनीक किसानों के लिए आय के नए अवसर खोल सकती है।